दिनांक- 11.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 176/26

महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 11.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

दिनांक- 11.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 177/26

महोबा पुलिस

डायल-112 पीआरवी पुलिस टीम की तत्परता से महिला व दो मासूम बच्चों की बचायी गयी जाना।

- पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल-112 पीआरवी वाहनों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल आपात सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में पीआरवी पुलिस टीम द्वारा निरंतर सराहनीय कार्य पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ किए जा रहे हैं।
- इसी क्रम में दिनांक 10.06.2026 को कालर आसिफ खान पुत्र शराफत खान निवासी मोहल्ला भाटीपुरा, थाना कोतवाली महोबा द्वारा डायल-112 पर सूचना दी गई कि एक महिला अपने दो बच्चों के साथ खजुराहो-महोबा रेलवे लाइन पर आत्महत्या करने हेतु पटरी पर मौजूद है।
- उक्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में संचालित पीआरवी-7334 मौके के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर कालर द्वारा बताया गया कि खजुराहो मेमू एक्सप्रेस के आगमन का समय निकट है तथा महिला अपने बच्चों सहित रेलवे ट्रैक पर बैठी हुई है।
- पीआरवी टीम द्वारा बिना विलंब किए खजुराहो-महोबा रेल मार्ग पर खंभा संख्या 1272/01 के पास पहुंचकर देखा गया कि महिला मुस्कान मंसूरी अपने दो बच्चों जोया एवं साहिल के साथ पटरी पर बैठी हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीआरवी कर्मियों ने अत्यंत तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला एवं बच्चों को समझा-बुझाकर तत्काल रेलवे ट्रैक से सुरक्षित स्थान पर हटाया तथा उनकी जान बचायी।
- पूछताछ में महिला द्वारा पारिवारिक कलह एवं ससुराल पक्ष से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास करने की बात बताई गई। पीआरवी टीम द्वारा महिला की काउंसिलिंग करते हुए उसे समस्या के समाधान हेतु आश्वस्त किया गया।
- तत्पश्चात घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा, प्रभारी डायल-112 एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई। मौके पर उ0नि0 शिवम पांडे मय हमराह पुलिस बल पहुंचे, जिनको महिला एवं बच्चों को सकुशल सुपुर्द करते हुए घटना से अवगत कराया गया।
- पीआरवी पुलिस टीम की त्वरित, संवेदनशील एवं सराहनीय कार्यवाही से एक महिला एवं दो मासूम बच्चों की जान बचायी जा सकी। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए स्थानीय जनता द्वारा पीआरवी कर्मियों, यूपी-112 सेवा एवं महोबा पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

पीआरवी टीम:-

1.हे0कां0 आशीष कुमार मिश्र (कमांडर) 2.कां0 अजय प्रताप सिंह (सब कमांडर) 3.हे0कां0 कारण कुमार (पायलट)



दिनांक- 11.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 178/26

महोबा पुलिस

सर्किल-कुलपहाड़, थाना-कुलपहाड़

थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 10.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल मय हमराह कां0 अनुराग यादव व म0कां0 पूर्णिमा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पंजीकृत मु0अ0सं0 311/2025 धारा 64(1)/74/352/351(3)/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रोहित अहिरवार पुत्र राकेश अहिरवार निवासी बगमऊ थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर म0प्र0 हालपता C 307 शहीद सुखदेव नगर वजीरपुर इण्ड्स्ट्रियल नगर पश्चिमी दिल्ली को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

रोहित अहिरवार पुत्र राकेश अहिरवार निवासी बगमऊ थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर म0प्र0 हालपता C 307 शहीद सुखदेव नगर वजीरपुर इण्ड्स्ट्रियल नगर पश्चिमी दिल्ली

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1.उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल

2.कां0 अनुराग यादव

3.म0कां0 पूर्णिमा

दिनांक- 11.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 179/26

महोबा पुलिस

सर्किल-कुलपहाड़, थाना पनवाड़ी

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 11.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह कां0 शीलेश कुमार व कां0 इन्द्रपाल चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 68/26 धारा 69/352/351(3) बी.एन.एस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त हृदेश चौरसिया पुत्र हर नारायण चौरसिया उम्र करीब 22 वर्ष निवासी शाहिद कॉलोनी जखा रोड थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा

2.कां0 शीलेश कुमार

3.कां0 इन्द्रपाल चौहान

गिरफ्तार अभियुक्त-

हृदेश चौरसिया पुत्र हर नारायण चौरसिया उम्र करीब 22 वर्ष निवासी शाहिद कॉलोनी जखा रोड थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

दिनांक- 11.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 180/26

महोबा पुलिस

सर्किल-कुलपहाड़, थाना कुलपहाड़

महिला संबंधी अपराधों के प्रति महोबा पुलिस की सख्त कार्रवाई, अपहृता बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में संचालित महिला शक्ति फेज-5 एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत महिला संबंधी अपराधों के प्रति प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अपहृता/गुमशुदा की बरामदगी एवं प्रकरणों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल मय हमराह कां0 अनुराग यादव व म0कां0 पूर्णिमा द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत 70/2026 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा घटना में संलिप्त अभियुक्त अमित पांचाल पुत्र सुखबीर सिंह पांचाल उम्र करीब 26 वर्ष निवासी बी -274/2 गली नं 02 सुशीला गार्डेन मन्दोली पोस्ट मन्दोली सबोली थाना हर्ष बिहार जिला नार्थ ईस्ट दिल्ली को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी उपरांत मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार धारा 87/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

महोबा पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सतत कठोर कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त –

अमित पांचाल पुत्र सुखबीर सिंह पांचाल उम्र करीब 26 वर्ष निवासी बी -274/2 गली नं 02 सुशीला गार्डेन मन्दोली पोस्ट मन्दोली सबोली थाना हर्ष बिहार जिला नार्थ ईस्ट दिल्ली

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल
2. कां0 अनुराग यादव 3. म0कां0 पूर्णिमा